an>

Title: Regarding police atrocities on Marathi people in Karnataka.

श्री अरविंद सावंत : माननीय अध्यक्ष महोदया, यह बहुत गंभीर समस्या है। कर्नाटक राज्य में मराठी लोगों पर वहां की पुलिस ने अत्याचार किए हैं। 50 लोग घायल हो गए। महिलाएं, बच्चे, बूढ़े सब घायल हुए हैं।...(व्यवधान) हम आज इसके बारे में आपके सामने जो विरोध कर रहे थे, वह आपके सत्व, तत्व को अवमानित करने के लिए नहीं था।...(व्यवधान) मैं उसके लिए खेद प्रकट करता हूं।...(व्यवधान) मुझे इस समस्या के बारे में आगे कहना है कि कर्नाटक राज्य सालों से मराठी लोगों पर अन्याय करता रहा है। ...(व्यवधान) 58 सालों से वे लोग वहां सारे चुनाव जीतकर आए हैं। वे लोग माननीय सर्वोच्च न्यायालय में गए। इसके बावजूद एल्लूर में उन्होंने पटरियां क्या लगाई, वे पटरियां उखाड़ने गए तो वहां के लोगों ने विरोध किया। उन्हें बहुत बुरी तरह पीटा गया है। ...(व्यवधान) मैं आपसे मांग करता हूं कि वह सारा प्रदेश केन्द्र शासित किया जाए।...(व्यवधान) केन्द्रीय शासन उस पर ध्यान केन्द्रित करे।...(व्यवधान) वहां के मराठी लोगों को राज्य दिलासा दे, यह मेरी मांग है।...(व्यवधान) वे काफी सालों से लड़ते आए हैं।...(व्यवधान) अगर महाराष्ट्र में इसी तरह प्रतिक्रिया होगी तो बहुत बुरा होगा।...(व्यवधान) मैं केन्द्र सरकार से अपेक्षा करता हूं कि इस पर तुरंत ध्यान दिया जाए।...(व्यवधान)